No-

मीति-1

va Hindi

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1951**

दिनांक 7/3/2000 को उत्तर के लिए

**हिन्दी सलाहकार समिति**

**1951. श्री जगदम्बी प्रसाद यादवः**

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें किः

(क) क्या हिन्दी सलाहकार समिति का गठन किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) राजभाषा हिन्दी की स्वर्ण जयन्ती मनाने के लिए तैयार किये गये कार्यक्रम का ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या समिति में गैर-सरकारी पर्यवेक्षेक नामजद किए गए हैं ;

(ड) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(च) कितने दूतावासों में राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन समिति गठित की गई है ; और

(छ) कितने देशों में भारतीय दूतावासों के ततवाधान में राजभाषा हिन्दी की स्वर्ण जयंती मनायी जा रही है ?

उत्तर

**गृह राज्य मंत्री ( श्री आई० डी० स्वामी )**

(क) ,(ख) (घ) और (ड.):- गृह मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति गठन की प्रक्रिया में है । इसमें सरकारी तथा गैर-सरकारी सदस्यों को शामिल किए जाने का प्रावधान है । हिन्दी सलाहकार समितियों में पर्यवेक्षक नमित किए जाने का कोई प्रावधान नहीं है ।

(ग) गृह मंत्रालय में राजभाषा स्वर्ण जयंती काय्रक्रमों को शुभारम्भ 14 सितम्बर, 99 को एक संक्षिप्त समारोह के आयोजन के साथ किया गया जिसमें सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से सरकारी कार्य अधिकाधिक हिन्दी में करने की अपील की गई । मंत्रालय के सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग की नजदीकी से मॉनीटरिंग किए जाने के लिए स्वर्ण जयंती वर्ष से प्रभाग स्तर पर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां बनाई गई हैं तथा उनकी आवधिक बैठकें आयोजित की जा रही हैं । इस दौरान आयोजित किए जाने वाले अन्य कार्यक्रमों में हिन्दी निबन्ध/हिंदी टाइपिंग/हिन्दी आशुलिपि/हिन्दी व्यवहार प्रतियोगिता करना, हिन्दी के विद्वानों के भाषणों का आयोजन तथा सम्बद्व/अधीनस्थ कार्यालयों को राजभाषा शील्ड प्रदान करना सम्मिलित हैं ।

(च) विदेश मंत्रालय में उपलब्ध जानकारी के अनुसार 85 भारतीय दूतावासों में राजभाषा हिन्दी कार्यान्वयन समितियां गठित हैं ।

(छ) सभी भारतीय दूतावासों को राजभाषा हिन्दी की स्वर्ण जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने के निदेश दिए गए हैं । तदनुसार भारतीय दूतावासों द्वारा यथोचित कार्रवाई की जा रही है ।

.................

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
**LOK SABHA**
**UNSTARRED QUESTION NO.1951**
TO BE ANSWERED ON 07.03.2000

## HINDI ADVISORY COMMITTEE

**1951. SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV:**

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Hindi Advisory Committee has been constituted ;

(b) if so, the details thereof ;

(c) the details of programmes for celebrating the Golden Jubilee of official language Hindi ;

(d) whether non-Government observers have been nominated in the committee ;

(e) if so, the details thereof ;

(f) the numberof embassies where official language implementation committee has been constituted ; and

(g) the number of countries where Golden Jubilee of official language, Hindi is being celebrated under the auspices of Indian embassies ?

**ANSWER**

**MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI I.D. SWAMI)**

(a), (b),(d) and (e): Constitution of Hindi Salahakar Samiti of Ministry of Home Affairs is under process. There is a provision to nominate both official and non-official member in it. There is no provision to nominate observers in the Hindi Salahakar Samiti.



......2/

(c): The inauguration of Official Language Golden Jubilee programmes in the Ministry of Home affairs commenced with the organisation of small celebration on 14th September 1999, in which an appeal has been made to all the officers/employees to do more and more official work in Hindi. To monitor the use of Hindi in official work in the Ministry of Home Affairs closely, Official Language Implementation Committee have been set up at the Divisional Levels from the Golden Jubilee year and their periodical meetings are being held. Other programmes being organised during this period includes competition on Hindi essay/Hindi typing/Hindi stenography and Hindi vayavhar Pratiyogita, lectures of Hindi scholars and awarding of official language shield to Attached/Subordinate offices.

(f) As per the information available in the Ministry of External Affairs, Official Language Implementation Committees have been constituted in 85 Embassies.

(g) Instructions have been issued to all the Embassies to organise programmes on the occasion of Golden Jubilee of Official Language Hindi: Accordingly suitable action is being taken by the Indian Embassies.

******